# डॉ. बी.डी. कल्ला ने जनसम्पर्क कर लोगों से किया संवाद

**बीकानेर,** (कासं)। बारहगुवाड़ चौक में पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ.बुलाकी दास कल्ला के समर्थन में हुए स्वागत समारोह हुआ । इस दौरान सैकड़ों की तादाद में डॉ.कल्ला के समर्थन लोग बारहगुवाड़ चौक में जुटे। संगीतमय कार्यक्रम के साथ ही बारहगुवाड़ कांग्रेस के रंग में रंगा नजर आया। वातावरण में चारों और डॉ.कल्ला समर्थन तैयार किए गए पैरोडी गीतों की स्वर लहरियां गूंज रही थी। लोगों से मिले प्रेम और स्नेह से डॉ.कल्ला भी अभीभूत हो गए।

मोहल्लेवासियों की और से भव्य पुष्प हार डॉ.कल्ला को पहना गया। इस अवसर पर डॉ.कल्ला ने कहा कि वे इसी धरा के जाये जन्मे है। इस चौक, शहर की इन गलियों में उनका बचपन बीता है। कल्ला ने कहा कि बीकानेर के लोग मेरा परिवार है। यही वजह है कि हर समय दिल में बीकानेर के विकास की बात ही रहती है। उन्होंने कहा कि मैं भरोसा दिलाता हूं कि इस बार भी आपका समर्थन मिला, तो बीकानेर को विकास में पीछे नहीं रहने देंगे। स्वागत समारोह के दौरान बारहगुवाड़ में गीत संगीत की स्वर लहरियों के साथ ही समर्थक हर-हर महादेव के जयकारे भी लगाते रहे।


बारहगुवाड़ चौक में डॉ.बी.डी. कल्ला का किया स्वागत।

जनसम्पर्क के दौरान डॉ.वाल्मीकि बस्ती, वार्ड नंबर 43 में लोगों के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों से संवाद किया। साथ ही कहा कि बीते पांच साल में उनके कार्यकाल में बीकानेर के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य कराने का प्रयास किया है। आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। उन्होंने कहा आज शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और बिजली सहित किसी भी क्षेत्र में बीकानेर पीछे नहीं है। आमजन के बच्चे अंग्रेजी माध्यम की स्कूल में पढ़ सके, इसके लिए जिले में अंग्रेजी माध्यक के सरकारी विद्यालय खोले गए है। नई कॉलेज खुल रहे हैं। सडकों का निर्माण हुआ है। इस दौरान वाल्मीकि बस्ती के लोगों ने डॉ.कल्ला का पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया और समर्थन का भरोसा दिलाया।डॉ.बी.ड़ी. कल्ला ने जनसम्पर्क के दौरान रविवार को आसानियों के चौक में पहुंचे और लोगों संवाद किया। साथ ही मनसापूर्ण गवरजा माता के धोक लगाकर बीकानेर के कुशल मंगल की कामना की।इस मौके पर एक लाड़ली बिटिया ने डॉ.कल्ला के माथे पर तिलक लगाकर अभिनंदन किया। डॉ.कल्ला ने बिटिया को आशीर्वाद लिया। यहां पर मौजूद लोगों ने तहे दिल से डॉ.कल्ला का स्वागत कर समर्थन देने की बात कही। कल्ला ने कहा कि वो क्षेत्रवासियों के प्रेम और स्नेह का आदर करते है। साथ ही अभार व्यक्त करते है। डॉ.कल्ला ने कहा बीकानेर के विकास के लिए उन्हें समर्थन दें। डॉ.बीड़ी कल्ला ने कांग्रेस के युवा नेता वैभव गहलोत के साथ सुजानेदसर स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर में धोक लगाई।

## बबेरवाल ने किया जनसंपर्क

**रतनगढ़, ( निसं )।** रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र निर्दलीय प्रत्याशी राधेश्याम बबेरवाल का गत रविवार की संध्या राजलदेसर में कार्यालय का उद्घाटन हुआ। इस मौके पर बबेरवाल ने कहा कि जनता ने जिस तरह से मुझे सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद दिया है मैं जनता को नमन करता हूं और आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं आपकी कसौटी पर खड़ा उतारूंगा। बबेरवाल ने सोमवार को ग्राम जेतासर, जोगलिया, धातरी, रणधीसर, खालिया, आबसर भानिसरिया, पडिहारा में ग्रामीण चौपल कर मशीन पर मतदान देने का आ ान किया। इस अवसर पर महेश प्रजापत, गुरुदत खटोड़,जुगल किशोर, राजकुमार मेघवाल, दिनेश जाट, ओमप्रकाश भार्गव, सुनील बवेरवाल, मनोज सैनी सहित दर्जनों लोग साथ थे।

# सीकर जिले की आठ विस. क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस में कांटे का मुकाबला

**सीकर, ( निसं )।** सीकर जिले की 8 विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में भाजपा एवं कांग्रेस में कांटे का मुकाबला होगा। सीकर में निर्दलीय उम्मीदवार भी संघर्ष कर रहे हैं। वर्ष 2018 के चुनाव के मुकाबले भाजपा ने कांग्रेस को भारी चुनौति दे रखी है। वहीं कांग्रेस व भाजपा में जीत के लिए चार-चार का बंटवारा दिखाई दे रहा है।

कांग्रेस फतेहपुर, सीकर व नीमकाथाना में मजबूत दिखाई दे रही है। इन स्थानों पर भाजपा को बागियों, अन्य दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों से भी संघर्ष करना पड़ रहा है। भाजपा धोद व श्रीमाधोपुर में मजबूत दिखाई दे रही है। यहां भाजपा उम्मीदवारों के सामने कांग्रेस कहीं भी टिकती हुई नहीं लग रही है। दाता रामगढ़, लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी एवं खण्डेला में दोनों दलों के सामने अपनी प्रतिष्ठा बचाना मुश्किल गया है। खण्डेला में कांग्रेस के लगातार विधायक रहे महादेवसिंह खण्डेला, लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी में गोविन्दसिंह डोटासरा की प्रतिष्ठा दाव पर लगी हुई है। भाजपा के सुभाष महरिया एक कद्दावर नेता हैं।

उन्हें भी अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए खेला खेलना पड़ रहा है। दाता रामगढ़ से पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नारायणसिंह की प्रतिष्ठा दाव पर लगी है। यहां उनके पुत्र वीरेन्द्रसिंह कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। भाजपा ने यहां से गजानंद कुमावत को उम्मीदवार बनाया है। यहां दोनों में कड़ा संघर्ष है। हालांकि भाकपा के अमराराम व जेजेपी की रीटासिंह चौधरी ने मुकाबले को रोचक बना रखा है। यहां तीन जाट उम्मीदवार होने से जाट वोट बैंक बिखर जाएगा। फतेहपुर शेखावाटी में कांग्रेस के हाकम अली मजबूत दिखाई दे रहे हैं। यहां भाजपा के श्रवण चौधरी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# खेत में कृषि कार्य करते समय करंट लगने से मौत

**सादुलपुर, ( निसं )।** गांव डिंगली निवासी 17 वर्षीय लडके की खेत में कृषि कार्य करते समय बिजली के करंट लगने से मृत्यु हो गई। वहीं घटना के बाद सहायक उपनिरीक्षक गोरूराम ने घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया। तथा मृतक किशोर के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया है। हमीरवास थाने में हवासिंह पुत्र प्रभुराम जाट उम्र 40 वर्ष निवासी डिंगली पुलिस थाना हमीरवास द्वारा पीएचसी चांदगोठी

■ सहायक उपनिरीक्षक गोरूराम ने घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया

में इस आरोप की रिपोर्ट दी कि उसका लडका सुमित कुमार 19 नवम्बर को उनके खेत रोही डीगली में खेती का काम कर रहा था तथा फसल में पानी देने के लिए पाइप लाइन बदल रहा था।

तभी वक्त करीब अपराहन पाइप उपर से गुजर रही बिजली के लाइन के तार के टच हो गया, जिससे उसके लडके सुमीत कुमार के करंट लगने से घायल हो गया तो वह तथा हिमांषू भाग कर गये एवं सुमीत को सम्भाला जो बेहोस गया। तत्पश्चात सुमीत को इलाज के लिए पिलानी लाये तो डॉ. साहब ने उसे देखकर मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि उसके लडके सुमित कुमार उम्र 17 वर्ष की खेत में कृषि कार्य करते समय बिजली के करंट लगने से मृत्यु हुई है।

## प्रियंका गांधी कल चूरू में

**चूरू, ( कासं )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी आगामी 22 नवम्बर को प्रात: 10 बजे चूरू में जयपुर रोड पर स्थित ग्रांड शेखावाटी हॉटल के सामने एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। चूरू विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रफीक मंडेलिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभा को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रभारी महासचिव सुखजिन्दर सिंह रंधावा एवं सचिन पायलट सहित प्रदेश व जिले के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

# पादुका पूजन से शुरु हुई श्रीराम कथा

**बीकानेर,** (कासं)। छोटी काशी बीकानेर का अहोभाग्य की 24 घंटे विलम्ब से ही लेकिन साक्षात् प्रभु के दर्शन हजारों श्रद्धालुओं ने किए। पद्मविभूषित तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्यजी महाराज के बीकानेर में आगमन के साथ ही हजारों श्रद्धालुओं का हुजुम दर्शनमात्र को उमड़ पड़ा। सुजानदेसर गंगाशहर-भीनासर गौचर भूमि पर बसे सियारामनगर में आयोजित 108 कुंडीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ एवं जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्यजी महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा के आयोजन ने बीकानेर को राममय बना दिया है। रामझरोखा कैलाशधाम के पीठाधीश्वर श्रीसरजूदासजी महाराज ने बताया कि 108 कुंडीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ में 429 जोड़े आहुतियां दे रहे हैं। यज्ञाचार्य पं. जुगलकिशोर ओझा के आचार्यत्व में लगभग सुबह 8 से 12 बजे तक हवन अनुष्ठान जारी रहता है। सोमवार शाम करीब 5 बजे श्रीरामकथा की शुरुआत हुई। मुख्य यजमान अविनाश मोदी, अशोक मोदी, अनुज मोदी, अंशु सेठ, श्रीभगवान अग्रवाल, डॉ. रामदेव अग्रवाल, रेवंत राजपुरोहित, दिलीप पुरी, पवन अग्रवाल आदि ने जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्यजी महाराज का आशीर्वाद लेकर पादुका पूजन किया।


पादुका पूजन से श्रीराम कथा शुरु हुई।

महंत भगवानदासजी महाराज ने बताया कि पादुका पूजन का भी विशेष महत्व यह है कि यह पादुका विक्रम संवत 1364 की माघ शुक्ल पंचमी को जगत गुरु आद्य रामनंदाचार्यजी ने अपने चरणों में धारण की थी। इनकी पूजा स्वयं जगद्गुरु श्रीरामभद्रचार्यजी महाराज भी करते हैं। इसके बाद अरविन्द शर्मा, पवन अग्रवाल रेवाड़ी, मुकेश खंडेलवाल, अमित सुराना, अरविन्द सिंह, सीताराम भांभू, सुनीलम, प्रवीण जोशी, ईश्वरजी, मनीष खत्री, हीरालाल गहलोत, आनन्द पड़िहार, अंजना खत्री, अनुराधा अरोड़ा, वैंकटेश्वर राव, शांतिलाल, सुभाष मित्तल, मनमोहन गाडोदिया, मंजू मित्तल, बिंदू गाडोदिया ने जगद्गुरु सहित सभी संत-महात्माओं का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूज्य गुरु रामदासजी महाराज, महामंडलेश्वर सरजूदासजी महाराज, यज्ञ सम्राट बालकदासजी महाराज, महामंडलेश्वर बजरंगदासजी महाराज, वैष्णोदासजी महाराज ने उद्बोधन दिया। महंत भगवानदासज महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में परम पूजनीय महामंडलेश्वर श्री श्यामदासजी महाराज वृंदावन, परम महामंडलेश्वर मदनमोहनदासजी महाराज अयोध्या, बालयोगेश्वरदासजी महाराज बद्रीनाथ,प्रेमदासजी महाराज रामानंद आश्रम हरिद्वार, अरुणदासजी महाराज हरिद्वार, राजूदासजी महाराज अयोध्या हनुमानगढ़ी, परशुरामदासजी महाराज, रामेश्वरदासजी महाराज, श्रीस्वामी धर्माचार्य स्वामी प्रियमजी महाराज ने शुभाशीष प्रदान किया।

# आमजन में वाट्सअप चैनल का क्रेज

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला प्रशासन द्वारा 4 दिन पहले ही नवाचार करते हुए डिस्ट्रिक्ट एडमिनस्ट्रेशन झुंझुनू नाम से वाट्सएप चैनल बनाया गया था, जिस पर सोमवार को फालोअर्स की संख्या 12 हजार को पार कर गई है।

जिला कलेक्टर बचनेश कुमार अग्रवाल ने इसके लिए जिलेवासियों और जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी है। गौरतलब है कि सूचना क्रांति के इस दौर में जिला प्रशासन ने आमजन से जुडने और उन तक विभिन्न विभागों के कार्य, फैसले, जिला प्रशासन के निर्णय, समाचार आदि पहुंचाने के लिए यह वाट्सअप चैनल शुरु किया था।

जिला कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि वाट्सएप एक ऐसा माध्यम बन गया है, जो आमजन बहुतायत में उपयोग करते हैं।

मीडिया के विभिन्न साधनों की अपनी सीमाएं हैं लेकिन वाट्सएप सामान्यतया हम आदतन कुछ ही देर में चैक करते रहते हैं, ऐसे में जिला प्रशासन से जुड़ी अपडेट्स पहुंचाने के लिए यह एक बेहतर माध्यम साबित होगा। इस पर विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करके, उनसे जुड़े कार्यों की अपडेट्स भी पहुंचाई जाएंगी, ताकि आमजन को लाभ हो। बकौल जिला कलेक्टर इस वाट्सएप चैनल के जरिए ग्लोबल विलेज की अवधारणा फलीभूत होकर गुड गवर्नंस की धारणा सार्थक हो सकेगी।

# पी.एम. मोदी के झुंझुनूं दौरे से गड़बड़ाया भाजपा का समीकरण

■ भाजपा प्रत्याशी निषित कुमार को कांग्रेस से लगातार तीन बार विधायक बनते रहे बृजेन्द्र ओला से कड़ी टक्कर है, वहीं भाजपा टिकट से वंचित रहे राजेंद्र भाम्बू के निर्दलीय ताल ठोकने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है

■ आशानुरूप भीड़ नजर नहीं आने से आमजन में चर्चा का विषय बना

**झुंझुनूं,( निसं )।** ज्यों ज्यों मतदान की तारीख नजदीक आ रही है भाजपा - कांग्रेस समेत अन्य दलों के स्टार प्रचारक चुनावी दंगल में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शेखावाटी के दौरे पर झुंझुनू जिला मुख्यालय पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करके जाने से भाजपा का समीकरण जन चर्चा के अनुसार गड़बड़ाया हुआ प्रतीत हो रहा है। झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में भाजपा के बागी बनकर चुनाव लडे निषित कुमार अब भाजपा प्रत्याशी हैं। झुंझुनू विधानसभा सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के बाद भाजपा खेमे में उत्साह की जगह निराशा का माहौल पनप रहा है। भाजपा प्रत्याशी निषित कुमार को कांग्रेस से लगातार तीन बार विधायक बनते रहे बृजेन्द्र ओला से कडी टक्कर है वहीं भाजपा टिकट से वंचित रहे राजेंद्र भाम्बू के निर्दलीय ताल ठोकने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

**झुंझुनू में ना कार्यकर्ता एकजुट ना ही जुटी भीड़:** प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी रैली हो या अन्य किसी कार्यक्रम में आगमन भाजपा कार्यकर्ताओं की एकजुटता और उमड़ा हुआ जन सैलाब हर बार नजर आता है। रविवार को झुंझुनू जिला मुख्यालय पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में पहुंचे पीएम मोदी तो पार्टी कार्यकर्ता एकजुट नहीं दिखे वहीं आशानुरूप भीड़ नजर नहीं आने से आमजन में चर्चा का विषय बन गया। जिला मुख्यालय पर जनचर्चा के अनुसार लोगों का आकलन है कि 22 से 25 हजार की भीड़ मोदी की सभा में मौजूद रही वहीं भाजपा कार्यकर्ता 45 से 50 हजार की भीड़ मान रहे हैं।

**अल्पसंख्यकों की भाजपा से दूरी:** पीएम मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार को हिंदुत्व की दृष्टि से देखे जाने और अल्पसंख्यक समुदाय को विधानसभा चुनाव में टिकट न देने के चलते मुस्लिम समुदाय की भाजपा से पहले से ही दूरी बनी हुई है। वहीं भाजपा प्रत्याशी निषित कुमार द्वारा गत दिनों अल्पसंख्यक समुदाय पर की गई टिप्पणी के बाद मुस्लिम समाज में नाराजगी और गहरी हो गई। रविवार को पीएम मोदी के झुंझुनू दौरे के बाद अल्पसंख्यक समुदाय जहां कांग्रेस प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला, भाजपा उम्मीदवार निषित कुमार तथा निर्दलीय राजेंद्र भाम्बू, पंकज धनखड़ सहित अन्य प्रत्याशियों के मध्य बटे हुए थे अब भाजपा से दूरी बनाए हुए नजर आ रहे हैं। अल्पसंख्यक समुदाय का भाजपा प्रत्याशी से खिसकना भाजपा के लिए हार का सबब बन सकता है। झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक जाट मतदाता है वहीं दूसरे नंबर पर अल्पसंख्यक समुदाय का बड़ा वोट बैंक हैं।

## खड़गे ने आमजन को सम्बोधित किया

**हनुमानगढ़, ( निसं )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे सोमवार को हनुमानगढ़ दौरे पर रहे।

खड़गे ने टाउन धानमंडी में कांग्रेस गारंटी संवाद में पहुंचकर आमजन को सम्बोधित किया। खड़गे बोले कि कांग्रेस की गारंटी मजबूत है। कांग्रेस जो गारंटी देती है वो निभाती है वहीं मोदी जो गारंटी देते हैं वह जुमला बन जाती है। मोदी ने वादा किया था कि विदेशों से काला धन वापस लाकर प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रुपए जमा करवाए जाएंगे लेकिन अपने आप को देशभक्त कहने वाले प्रधानमंत्री की यह गारंटी भी जुमला निकली। आगे बोले कि चुनाव में हर तरह के लोग आते हैं। अपने-अपने विचार रखते हैं और अपनी बातें कहते हैं। लेकिन जनता को इन लोगों से पूछना चाहिए कि उन्होंने देश व अपने शहर हनुमानगढ़ के लिए क्या किया।

## सार-समाचार

### होम वोटिंग का द्वितीय चरण आज तक

**श्रीगंगानगर,** । राजस्थान विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की जो सुविधा प्रदान की गई है, उसमें प्रथम चरण के पश्चात द्वितीय चरण 21 नवम्बर को निर्धारित किया गया है। जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ने बताया कि क्षेत्र की विधानसभाओं में होम वोटिंग का प्रथम चरण 14 से 19 नवम्बर निर्धारित है तथा मतदान दलों द्वारा होम वोटिंग का कार्य किया जा रहा है। होम वोटिंग का द्वितीय चरण 21 नवम्बर को निर्धारित है, इस संबंध में यह स्पष्ट है कि यदि किसी विधानसभा में प्रथम चरण 19 नवम्बर से पूर्व पूर्ण हो जाये, तब भी प्रथम चरण में अनुपलब्ध अनुपस्थित मतदाताओं हेतु द्वितीय चरण 20 नवम्बर से ही प्रारम्भ किया जायेगा तथा दोनों चरणों का पृथक-पृथक रिकॉर्ड संधारित किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त रिटर्निंग अधिकारियों को आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### जैन ओलम्पिक 12 दिसम्बर से

**बीकानेर,** जैन यूथ कूब के तत्वावधान में तीसरा जैन ओलम्पिक 17 दिसम्बर तक रेलवे स्टेडियम में होगा। विभिन्न खेलों के लिए विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी पंजीयन करवा रहे है। जैन यूथ कूब के सचिव विशाल गोलछा ने बताया कि 19 वर्ष तक के लड़कों की क्रिकेट प्रतियोगिता, लड़के व लड़कियों की 19 वर्ष से ऊपर व इससे कम आयु वर्ग की कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कक्षा एक से बारहवीं तक के विद्याथियों के लिए एथलैटिक्स की विभिन स्पर्द्धाओं के लिए विभिन्न स्थानों पर नियमित पंजीयन हो रहा है। प्रतियोगिता में जैन समाज की 800 खेल प्रतिभाओं के प्रदर्शन का मौका मिलेगा।

### अंजू ने बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीता

**चूरू,** (कासं)। निकटवर्ती गांव ढाढ़र की अंजू प्रजापत पुत्री बजरंगलाल प्रजापत ने सार्दुलशहर में आयोजित 23वीं महिला राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपने गांव ढाढर और चूरू जिले का नाम रोशन किया है। वरिष्ठ अध्यापक बजरंग लाल प्रजापत ने बताया कि सार्दुलशहर डिग्री कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बेटी अंजू प्रजापत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर यह साबित कर दिया की गांव की बेटियां भी किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। अंजू प्रजापत ने बताया कि मेरे परिवार ने बॉक्सिंग में मेरी रूचि को देखते हुए मुझे आगे बढ़ाया और मैंने बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अंजू की माता सरोज और ताऊजी महावीर प्रसाद, हनुमान प्रसाद ने अंजू को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद प्रदान किया।


### आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**सुजानगढ़,** (निसं)। हवेली में दबे हुए सोने को निकालने की बात कहकर 58 लाख की धोखाधडी करने के मामले में एडीजे कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज की है। अपर लोक अभियोजक करणीदान ने बताया कि इटली प्रवासी व सुजानगढ निवासी प्रकाश चंद माली के साथ लाडनूं निवासी नियाज पुत्र उमर खां निवासी सुजानगढ ने डीडवाना-कुचामन के लोगों के साथ मिलकर प्रकाश चंद माली को सरदाशहर ले गये। जहां पर एक हवेली से गड्ढा हुआ धन निकालने की बात कहकर उससे 58 लाख की धोखाधडी कर ली।

# मालचंद सारस्वत ने गो सेवा व पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन

**नोखा,** (कासं)। नोखा जन अधिकार सेना के बीकानेर जिला सचिव मालचंद सारस्वत ने अपना जन्मदिवस अनोखे अंदाज में मनाया गया जिसमे सर्वप्रथम सारस्वत ने अपने जन्मदिवस पर अलसुबह भूतनाथ मंदिर शांतिवन में भगवान भोलेनाथ की आराधना की एवं उसके बाद भूतनाथ बाबा को चढ़ने वाला बेलपत्र का पौधारोपण शांति वन में किया।

साथ ही रीको औद्योगिक क्षेत्र में गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर अपना 42 वां जन्मदिवस सेवा कार्य करके मनाया गया। साथ ही पर्यावरण सरक्षण की शपथ दिलाकर पौधे लगाने का संकल्प लिया और जन्मदिवस पर विभिन्न तरह के सेवा कार्यों का आयोजन किया गया वही संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम जी शर्मा प्रदेश प्रभारी हरिसिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र ओझा ने सारस्वत के द्वारा अपने जन्मदिवस पर किए गए सेवाकार्यो की सहारना की और शुभकामनाएं प्रेषित की और सारस्वत ने अपने जन्मदिन पर सभी युवाओं को शपथ दिलाई की सभी अपने जन्मदिन पर अपने आसपास एक एक पेड़ अवश्य लगाए इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा , कार्यकारणी सदस्य शिवरतन नाई , महिला तहसील सचिव निशा प्रजापत, रणजीत सिंह, पंडित राधेश्याम महाराज,शान्ति देवी, ममता , सन्जु, नेहा, पूर्णिमा पाण्डे, राजु राठी, महेश पारीक सहित काफी संख्या में युवा शक्ति उपस्थित रहे।


फोटो -त्तीन-डी- -गो सेवा व पौधारोपण कर मालचंद सारस्वत ने जन्मदिवस मनाया।

## प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा संचालित पशु विज्ञान केन्द्र, झुंझुनू द्वारा सोमवार को पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान का महत्व विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार के निर्देशन में केंद्र के डॉ विनय कुमार ने पशुपालकों को बताया की कृत्रिम गर्भाधान नस्ल सुधार के लिये एक महत्वपूर्ण तकनीक है। इसको अपनाकर नस्ल सुधार से दूध उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। भारत सरकार भी पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान पर जोर दे रही है ताकि पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान में उच्च गुणवता वाले सांडों के वीर्य का प्रयोग करके नस्ल सुधार से दूध उत्पादन में बढ़ोतरी हो ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सके। इसके लिये गायों और भैंसो में उच्च गुणवत्ता वाले सांडों के वीर्य का प्रयोग करके नस्ल सुधार से दूध उत्पादन को बढ़ाना है। कृत्रिम गर्भाधान वह तकनीक है जिसमें जीवित शुक्राणुओं के साथ वीर्य को नर पशु से एकत्रित किया जाता है और उपकरणों की सहायता से मद चक्र के उचित समय पर मादा पशु के प्रजनन अंग में प्रवेश कराया जाता है।

# रंगोली से शत-प्रतिशत मतदान का दिया सन्देश


पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को सम्मानित किया।

**खाजूवाला,** (कासं)। स्वीप कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत मतदान को लेकर विधानसभा मुख्यालय खाजूवाला में उपखंड प्रशासन द्वारा सोमवार को यूथ चला बूथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। खण्ड विकास अधिकारी सन्तकुमार मीणा ने राजकीय महाविद्यालय में 'सशक्त भारत निर्माण, प्रत्येक मतदाता की पहचान' विषय पर विचार गोष्ठी हुई। बालिकाओं द्वारा रंगोली के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान का सन्देश दिया गया। इस अवसर पर प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम तहत आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेकर मतदान का संदेश दिया। वहीं कविताओं के माध्यम से भी मतदान के लिए प्रेरित किया गया। विकास अधिकारी मीणा ने दर्जनों विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलवाई। अधिशाषी अधिकारी सपना सोनी ने कहा कि विद्यार्थी स्वयं मतदान करें तथा आस-पास रहने वाले लोगों को भी प्रेरित करें। इस बार मतदान सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक का समय रहेगा। 'हम सब का एक ही नारा, शत-प्रतिशत मतदान करे खाजूवाला हमारा' कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सुनीता ने किया।